THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

अपठित गद्यांश पढकर उत्तर लिखिए

1. एक बंदर जंगल में खेल रहा था। वह एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूद रहा था। दूसरे पेड़ पर पहुंचते ही उसने वहां बहुत सारे फल देखे। उसने एक बड़े से अमरूद को छोड़कर एक छोटे से बेर को पकड़ा। वह खुशी से नाच रहा था।

प्रश्न:

प्रश्न – १. बंदर कहाँ खेल रहा था ?
प्रश्न – २. बंदर कहाँ कूद रहा था ?
प्रश्न – ३. बंदर ने क्या देखा ?
प्रश्न – ४. बंदर ने कौन सा फल पकड़ा ?
प्रश्न – ५. बंदर खुशी से क्या करने लगा ?

उत्तर:

१. बंदर जंगल में खेल रहा था।

२. बंदर एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूद रहा था।

३. बंदर ने बहुत सरे फल देखे।

४. बंदर ने एक छोटे से बेर को पकड़ा।

2. . बंदर खुशी से नाचने लगा।

आज रानी पिकनिक पर जा रही है। वह चिड़ियाघर घूमने जा रही है। वह सभी जानवरों को देखने के लिए उत्साहित है। रानी का पसंदीदा जानवर जिराफ़ है। वह उसकी लंबी गर्दन और धब्बों से प्यार करती है। रानी को उम्मीद है कि वह आज जिराफ़ों को खाना खिला पाएगी । वह तस्वीरें लेने के लिए अपना कैमरा साथ लेकर जा रही है ।

प्रश्न:

प्रश्न -१. आज रानी कहाँ जा रही है?
प्रश्न -२. रानी का पसंदीदा जानवर कौन सा है?
प्रश्न -३. रानी को जिराफ़ के बारे में क्या पसंद है?
प्रश्न -४. रानी चिड़ियाघर में तस्वीरें लेने के लिए क्या ले कर जा रही है?

उत्तर:

१. आज रानी पिकनिक पर चिड़ियाघर जा रही है।

२. रानी का पसंदीदा जानवर जिराफ़ है।

३. रानी को जिराफ़ की लंबी गर्दन और धब्बे पसंद हैं।

४. रानी चिड़ियाघर में तस्वीरें लेने के लिए कैमरा ले कर जा रही है।